स्वास्थ्य समिति

छात्राओं में बेहतर शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बनाए रखने के उददेश्य से महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. मीना बया के संरक्षण में स्वास्थ्य समिति प्रभारी डॉ ताहिरा बानो एवं समिति सदस्यों के सहयोग से सत्र पर्यंत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। दिनांक 6 अक्टूबर को नशे के खिलाफ छात्राओं को शपथ दिलाई गई। नशा एक गंभीर सामाजिक बुराई है। इससे व्यक्ति को शारीरिक, मानसिक और आर्थिक हानि पहुँचने के साथ ही सामाजिक वातावरण भी प्रदूषित होता है। नशे के दुष्प्रभाव के बारे में छात्राओं को अवगत कराया गया ।नशा मुक्त भारत अभियान के बारे में भी छात्राओं को बताया कि पूरे देश में यह अभियान गाँव–गाँव तथा शहर– शहर चलाया रहा है।

दिनांक 9–11–2022 को महाविद्यालय सेमिनार हाल में स्तन कैंसर जागरुकता विषय पर व्याख्यान कराया गया जिसमें गीतांजलि हॉस्पीटल की डॉ पूजा गाँधी एवं डॉ रेनु मिश्रा ने अपना व्याख्यान दे छात्राओं को लाभान्वित किया।

आयुष्मान भारत योजना जिसे प्रधानमंत्री आरोग्य योजना (प्रधानमंत्री स्वास्थ्य मिशन) के रूप में भी जाना जाता है। इस योजना की विस्तृत जानकारी और इसके उद्देश्य स्वास्थ्य समिति के द्वारा सभी कक्षाओं के वाट्सएप ग्रुप पर भेजे गए जिसको पढ़कर अधिकाधिक छात्राएं लाभान्वित हो सकें।

दिनांक 15 दिसम्बर 2022 को राजस्थान वनवासी परिषद् एवं जी.बी.एच. जनरल हास्पीटल के तत्त्वावधान में बृहत् चिकित्सा परामर्श का एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। नेत्र रोग विशेषज्ञ, चर्म रोग विशेषज्ञ एवं जनरल फीजीशियन ने छात्राओं का परीक्षण कर परामर्श दिया तथा सम्बन्धित दवाइयाँ भी वितरित की गईं।

राजकीय मीरा कन्या महाविद्यालय उदयपुर
स्वास्थ्य समिति
उदयपुर (राज.)
राजकीय मीरा कन्या महाविद्यालय
उदयपुर
राष्ट्रीय सेवा योजना
"Not Me, But You"

जनरल
फिजिशियन

REDMI NOTE 8 PRO
AI QUAD CAMERA

INSTITUTIONAL BEST PRACTICE- GREEN INITIATIVES
REDMI NOTE 8 PRO
AI QUAD CAMERA